# University in News on 03 November 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : पीएचडी में दाखिले के लिए तीन दिन आवेदन का मौका

### कॉलेजों और विश्वविद्यालय में 927 सीटों पर लिए जाएंगे प्रवेश

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में पीएचडी में प्रवेश के लिए प्रक्रिया जारी है। अंतिम तिथि पांच नवंबर तय है। ऐसे में जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक आवेदन फॉर्म नहीं भरा है, उनके पास तीन दिन का और मौका है। वे इन तिथियों के बीच वेबसाइट lkouniv.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने 10 अक्तूबर को विवि और संबद्ध कॉलेजों में 927 सीटों पर प्रवेश के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें नियमित सीटों के साथ ही पार्टटाइम सीटें भी शामिल थीं।

प्रवेश समन्वयक डॉ. आनित्य गौरव की ओर से जारी अधिसूचना में 42 विभागों की 927 पूर्णकालिक और 28 अंशकालिक सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जानी है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट और प्रवेश समन्वयक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।



### ऑनलाइन कोर्स में 15 तक दाखिले

लविवि में इसी सत्र से पांच विषयों में ऑनलाइन पीजी की पढ़ाई शुरू हुई है। इसमें 15 नवंबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी होनी है। जिन विषयों में ऑनलाइन एमए कोर्स शुरू हुआ है उसमें एमए अंग्रेजी, संस्कृत, एआईएच, पॉलिटिकल साइंस, अर्थशास्त्र शामिल हैं। रेग्युलर कोर्स में दाखिला लेने से चूके विद्यार्थियों को इसमें प्रवेश लेने का अवसर है।

### केजीएमयू में अब थीसिस संबंधी कार्य होंगे डिजिटल

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विवि में अब थीसिस संबंधी कामों के लिए विद्यार्थियों को विवि के चक्कर नहीं लगाने होंगे। वे अपनी थीसिस डिजिटल रूप में जमा कर सकेंगे। विवि ने इसके लिए नई व्यवस्था लागू कर दी है। केजीएमयू मीडिया सेल के फैकल्टी इंचार्ज प्रो. केके सिंह ने बताया कि थीसिस जमा करने के साथ ही इसके मूल्यांकन की व्यवस्था भी बदल दी गई है। अब मूल्यांकन संबंधी काम भी डिजिटल होंगे। मूल्यांकन के लिए अब थीसिस ऑनलाइन भेजी जा सकेगी। मूल्यांकन रिपोर्ट भी ऑनलाइन आएगी। इससे मूल्यांकन में लगने वाले समय की बचत होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

## i-NEXT PAGE 4

### 15 तक होंगे आनलाइन कोर्सों में दाखिले

लखनऊ विश्वविद्यालय में वर्तमान सत्र 2024-25 के लिए आनलाइन नए कोर्सों में दाखिले 15 नवंबर तक लिए जाएंगे. अभी तक जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं की है, उनके लिए मौका है. एलयू को हाल ही में यूजीसी से स्नातक स्तर के बीबीए, परास्नातक एमए पालिटिकल साइंस, एमए संस्कृत, एमए अंग्रेजी और एमए इकोनामिक्स के आनलाइन कोर्स में प्रवेश की अनुमति मिली है. अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://luonlineeducation.in/Home/Index के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं.

### आठ तक जमा करना होगा असाइनमेंट

एलयू में आनलाइन शुरू हुए एमकाम दूसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को पहली यूनिट का असाइनमेंट आठ नवंबर तक जमा करना होगा. इसकी समय सारिणी वेबसाइट पर अपलोड है. वहीं, बीकाम के अभ्यर्थियों को पहली यूनिट का असाइनमेंट सात से 13 नवंबर तक जमा करना है.

### पीएचडी में पांच तक होंगे आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 के पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन पांच नवंबर तक किए जा सकते हैं. दाखिले के लिए अभी तक रेगुलर की 929 और पार्ट टाइम की 35 सीटें निर्धारित की गई हैं. विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड की गई है. दाखिले प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार की मेरिट के अनुसार होंगे.

## JAGRAN CITY PAGE III

### 15 तक होंगे दाखिले

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में वर्तमान सत्र 2024-25 के लिए आनलाइन नए कोर्सों में दाखिले 15 नवंबर तक लिए जाएंगे। लवि को हाल ही में यूजीसी से स्नातक स्तर के बी.बी.ए, परास्नातक एम.ए पालिटिकल साइंस, एम.ए संस्कृत, एम.ए अंग्रेजी और एम.ए इकोनामिक्स के आनलाइन कोर्स में प्रवेश की अनुमति मिली है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://luonlineeducation.in/Home/Index के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। (जासं)